तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 5 अप्रैल 2024

टिकरी में जुटे 65 गांवों के सैकड़ों सदस्य समाज की... 12



आमाडुला में दिखी आदिवासी संस्कृति की झलक 11





## खबर संक्षेप

### नवागांव में परिक्षेत्रस्तरीय मां कर्मा जयंती महोत्सव 7 को

**गुरूर।** ग्राम नवागांव में 7 अप्रैल को परिक्षेत्र स्तरीय भक्त मां कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में कलश शोभायात्रा प्रातः 10 बजे निकाली जाएगी, जिसके बाद ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन 12 बजे होगा व माता कर्मा की आरती 1 बजे की जाएगी एवं अतिथियों का स्वागत उद्बोधन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतिभावान छात्र सम्मान, वरिष्ठ दम्पत्ति सम्मान दोपहर 2 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सदस्य अखिल भारतीय तैलिक महासंघ प्रीतम साहू होंगे। अध्यक्षता पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीआर महमल्ला करेंगे।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक कल

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 अप्रैल को सुबह 11 बजे से किया गया है। अध्यक्ष डॉ. आरएम चावड़ा ने बताया कि बैठक में पेंशनर साथियों के सदस्यता एवं 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ता प्रदान किए जाने की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने सभी पेंशनर साथियों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही की बैठक आज

**गुण्डरदेही।** लोकसभा चुनाव की रणनीति तैयार करने ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही की बैठक 5 अप्रैल को समय 3.30 बजे सामुदायिक भवन चैनगंज गुण्डरदेही में रखी गई है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, लोकसभा समन्वयक संतराम नेताम, कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, जनपद अध्यक्ष सुचित्र साहू, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू उपस्थित रहेंगे।

### ग्राम देवरी ख में भक्त माता कर्मा जयंती 7 को

**गुण्डरदेही।** तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा तहसील स्तरीय



भक्त माता कर्मा जयंती 7 अप्रैल को ग्राम देवरी (ख) में मनाई जाएगी। तहसील साहू संघ के अध्यक्ष डॉ मानसिंग सार्वा ने बताया कि कार्यक्रम के शुभारंभ पर भक्त माता कर्मा की कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद भक्त माता कर्मा की महाआरती के बाद अतिथि आगमन व स्वागत भाषण होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नी लाल साहू होंगे, अध्यक्षता जिला साहू संघ बालोद अध्यक्ष सोमन लाल साहू करेंगे।

# प्रशिक्षण लेकर गृहग्राम पहुंचे अग्निवीर का ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सेना में शामिल होकर देश की सेवा करने का सपना लिए इसकी तैयारी कर रहे ग्राम मढ़ियापार के 21 वर्षीय हरीश साहू को अब जाकर सफलता मिली है।

हरीश साहू का चयन अग्नि वीर के रुप में नेवी (जल सेना) में हुआ है, जो अपनी ट्रेनिंग पूरी कर बुधवार को अपने गृहग्राम मड़ियापार पहुंचे। लाडले बेटे के चयन के बाद ट्रेनिंग लेकर घर लौटने की खुशी में माता–पिता की आंखों से आंसू थम नहीं रहे थे। भावुक माता-पिता ने नम आंखों से अपने बेटे को गले लगाकर रोते हुए अपनी खुशी जाहिर की।

## सेना में शामिल होकर देश सेवा का हरीश का सपना हुआ साकार

### गांव पहुंचे साथी

हरीश के मित्रों को भी जैसे ही उनके आने की सूचना मिली, वे भागे दौड़े गांव पहुंचे और उनके स्वागत की तैयारी में जुट गए। जैसे ही हरीश गांव पहुंचा, नाचते गाते हुए फूल-माला के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। ग्रामवासियों के चेहरे पर भी खुशी छलक रही थी।



### मेरी सफलता में मेरे माता-पिता का बहुत बड़ा योगदान

हरीश ने कहा कि मेरी सफलता के पीछे मेरे माता-पिता का बहुत बड़ा योगदान है। मैं आज जो भी हूं, मेरे माता-पिता के कारण ही यह मुकाम हासिल कर पाया हूं। हरीश ने कहा कि मेरे दोस्तों ने भी मुझे बहुत सपोर्ट किया है। उन सभी का खास मेरे माता-पिता का मैं शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने मुझे इस लायक बनाया।

बता दें कि हरीश साहू घर का बड़ा बेटा है। उसका छोटा भाई जयंत साहू भी देश सेवा के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहा है। वह भी देश सेवा के लिए सेना में जाना चाहता है। हरीश अपने गांव का एकलौता ऐसा युवक है, जिसका चयन सेना के लिए हुआ है।

हरीश उन सैकड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करेंगे, जिससे प्रेरित होकर ग्राम के अन्य युवा भी देश सेवा के लिए आगे बढ़ेंगे। हरीश के पिता संतोष साहू व माता पूर्णिमा साहू ने कहा कि हम आज बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं, क्योंकि हमारा बेटा देश सेवा करने जा रहा है।

## सहमति : ग्राम पंचायत कुसुमकसा में अवैध कॉम्प्लेक्स निर्माण का मुद्दा

# समिति प्रबंधक व अध्यक्ष ने मानी गलती निर्माण ढहाने की शर्त पर टला चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम पंचायत कुसुमकसा में अवैध कॉम्प्लेक्स (दुकान) निर्माण को प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधक व अध्यक्ष द्वारा जेसीबी लगाकर तोड़ने पर ही पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामवासियों द्वारा 4 अप्रैल को आयोजित कुसुमकसा बंद व चक्काजाम के आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा की गई।

प्रशासनिक अमला 3 अप्रैल को दिन से लेकर रात तक पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों को आंदोलन ना करने की समझाइश व उनकी मांगों का उचित हल निकालने तीन चरणों में बैठक हुई। दोपहर को एसडीएम कार्यालय दल्लीराजहरा ,शाम को पांच बजे ग्राम पंचायत भवन में त्रिपक्षीय वार्ता आर के सोनकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंडी के नेतृत्व में हुई, लेकिन पर कोई नतीजा नहीं निकला, ग्रामीण अपनी माँगों पर अड़े रहे। रात्रि लगभग 9.30 बजे डॉ चित्रा वर्मा नगर पुलिस अधीक्षक दल्लीराजहरा, एचआर नायक तहसीलदार डोंडी, सुनील तिर्की थाना प्रभारी दल्लीराजहरा, एस नांदुलकर वन परिछेत्र



अधिकारी दल्लीराजहरा, लघु वनोपज समिति के प्रबंधक गंगूराम मंडावी, अध्यक्ष पुखराज व शिवराम सिन्द्रामे सरपँच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, संजय बैस जनपद सदस्य ,अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य, दीपक यादव उपसरपंच, भाजपा नेता सौरभ लूनिया, पंचगण प्रेमचंद जैन ,देवलाल पिस्दा, नितिन जैन सहित ग्रामीणजनों के बीच चर्चा हुई। जहाँ समिति प्रबन्धक व अध्यक्ष द्वारा गलती मानते हुए हो रहे। अवैध कॉम्प्लेक्स निर्माण को रात्रि में ही जेसीबी से तोड़ने व मटेरियल को एक दो दिन में उठाने की बात पर ग्रामीण शांत हुए और 4 अप्रैल को आयोजित कुसुमकसा बंद व चक्काजाम को स्थगित करने की घोषणा की गई।

### सरपंच ने सभी सहयोगियों का जताया आभार

शिवराम सिन्द्रामे सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा ने अस्पताल निर्माण के लिए आरक्षित जगह पर प्राथमिक लघु वनोपज समिति के पदाधिकारियों द्वारा किसी निजी व्यक्ति (पगड़ीधारक) द्वारा उक्त जगह पर किये जा रहे अवैध निर्माण को तोड़ने की मांग को लेकर कुसुमकसा बन्द व चक्काजाम के लिए समस्त व्यापारियों, पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा दिये गये समर्थन के लिये आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही रात्रि में ही व्यापारी संघ के अध्यक्ष को आंदोलन स्थगित होने से समस्त दुकानों को 4 अप्रैल को खोले जाने का निवेदन किया। साथ ही ग्राम में सुबह कोतवाल द्वारा मुनादी कर समस्त कार्य चालू होने की जानकारी दी गई। वहीं, आंदोलन स्थगित होने पर प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।

# चोरी की 19 बाइक बरामद आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- गुण्डरदेही व दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र में हुई चोरी, बेमेतरा पुलिस ने की कार्रवाई

जिले के गुण्डरदेही और दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र में बाइक की चोरी के आरोपी को बेमेतरा जिला पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 19 नग दोपहिया वाहन बरामद किया है। चोर के कब्जे से इतनी बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन की बरामदगी करना पुलिस प्रशासन की बड़ी सफलता मानी जा रही है।

ज्ञात हो कि जिले में लगातार बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। वर्तमान में जिले के कुछ थाना क्षेत्र को छोड़ कर बाकी के अधिकांश थाना क्षेत्र की बात करें, तो दर्जन भर से अधिक बाइक चोरी के मामले में पुलिस सिर्फ जांच में जुटी हुई है। इसके अलावा कोई सुराग ढूंढ नहीं पाई है। वहीं, बुधवार को बेमेतरा जिले के पुलिस प्रशासन ने राजनांदगांव जिले के ग्राम घुमका निवासी अशोक साहू पिता कामता प्रसाद साहू को चोरी की बाइक को बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा और कड़ाई से पूछताछ की।

पूछताछ में आरोपी चोर ने बालोद जिला सहित रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, खैरागढ़, मोहला मानपुर में चोरी की वारदात को अंजाम देना बताया है। आरोपी के कब्जे से 19 नग दोपहिया वाहन जिसकी कीमत 12 लाख रुपये है को जब्त किया गया, वहीं आरोपी को रिमांड पर जेल भेजा गया।

### फागुनदाह में अभी से गहराने लगी पानी की समस्या

**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में गर्मी की शुरूआत होते ही पानी की समस्या से ग्रामीणों को दो-चार होना पड़ रहा है। वर्तमान में अभी गर्मी की शुरूआत ही हुई है कि ग्राम में नलों के साथ हैण्डपंपों व मोटरपंप से बहुत कम पानी निकल रहा है। ऐसे में कई ग्रामीणों को पानी लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं, कई अन्य जगहों से सायकल या अन्य माध्यम से पानी लाने को मजबूर हैं। ऐसे में ग्रामीणों को अभी से चिंता सता रही है कि जब गर्मी की शुरूआत में ऐसे दिन देखने पड़ रहे हैं, तो आगे गर्मी अभी दो माह बाकी है। ऐसी ही स्थिति बनी रही तो एक-एक बूंद पानी के लिए ग्रामीणों को भटकने की स्थिति बन सकती है। इसके लिए अभी से सार्थक उपाय करने की आवश्यकता है।

# अंचल के गांवों में बोतलों में भरकर बेचा जा रहा पेट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम फागुनदाह व पलारी क्षेत्र में अवैध रूप से महंगे दामों पर पेट्रोल को बोतलों में भरकर बेचा जा रहा है और महंगे दामों में बेचने के बाद भी पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में नहीं दिया जा रहा है, जिससे व्यक्ति एक निश्चित दूरी भी तय नहीं कर पा रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम के आसपास 10 किलोमीटर तक कोई भी पेट्रोल पंप नहीं है। इसके कारण ग्रामीणों को बोतलों में भरकर अवैध रूप से बेचे जा रहे पेट्रोल पर निर्भर रहना पड़ रहा है। लेकिन, ये लोग ज्यादा पैसे लेकर भी कम पेट्रोल देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर अवैध रूप से बेचने वालों से कम पेट्रोल मिलने की शिकायत करते हैं तो उन्हें थोड़ा बहुत पेट्रोल आने-जाने के लिए मिलता है वह भी नहीं मिलेगा। इसके कारण आपात स्थिति में उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसी मुसीबतों के कारण ग्रामीणों में अवैध रूप से पेट्रोल खरीदने की मजबूरी बन गई है, क्योंकि उनके पास इसके सिवाय और कोई दूसरा उपाय नहीं है।

वहीं, कई ग्रामीण महंगे दाम पर मिल रहे पेट्रोल को देखते हुए बड़े वाहन मालिकों व चालकों के साथ मिलकर बड़े डिब्बों में पेट्रोल डीजल बाहर से लेकर और वाहनों के माध्यम से लाकर घरों में रख रहे हैं और आने जाने के समय जरूरत के अनुसार उपयोग कर रहे हैं। लेकिन, ऐसा करना बहुत कभी भी नुकसानदायक हो सकता है। वहीं, इन दिक्कतों के कारण कई वाहन चालकों का अब पेट्रोल-डीजल वाले वाहनों से मोहभंग होने लगा है। इसके कारण कई वाहन चालक पेट्रोल-डीजल की जगह इलेक्ट्रीक वाहन खरीद रहे हैं, ताकि पेट्रोल डीजल के लिए भटकना न पड़े। इलेक्ट्रिक वाहनों को लोग घर पर ही अपनी सुविधा व जरूरत अनुसार चार्ज कर सकते हैं और आना-जाना कर सकते हैं। इससे लोगों का पेट्रोल व डीजल में होने वाला खर्च भी बच रहा है और उन्हें दिक्कतों का सामना भी नहीं करना पड़ रहा है।

### सिरसिदा में मां कर्मा जयंती कार्यक्रम आज

**अंडा।** ग्रामीण स्तरीय माँ कर्मा जयंती समारोह सिरसिदा में ग्रामीण स्तरीय माता कर्मा जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाने जा रहे हैं। संरक्षक बाल गोविंद साहू,अध्यक्ष जोहनू राम साहू, उपाध्यक्ष सुख सागर साहू, उपाध्यक्ष रागिनी साहू, सचिव जागेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष मनोहर साहू सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन 5 अप्रैल को किया जाएगा। चंदन साहू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह प्रभात फेरी के साथ होगी। उन्होंने बताया कि दोपहर 2 बजे से जस एवं फाग झांकी ग्राम- बकली (कुरूद) की प्रस्तुति होगी।

### धनेली में मां कर्मा जयंती समारोह आज

**गुरूर।** ग्राम धनेली परिक्षेत्र धनेली में मां कर्मा जयंती समारोह का आयोजन 5 अप्रैल को किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे कलश यात्रा के साथ होगी। 11:30 बजे मां कर्मा की पूजा-आरती की जाएगी। 12 बजे अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन एवं प्रसादी वितरण होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोषण लाल साहू होंगे, अध्यक्षता पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत धनेली भोजराज साहू करेंगे।

# 35 पौवा शराब के साथ आरोपी पकड़ाया, बाइक भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा



- मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

ग्राम टिकरी निवासी लित्तु उर्फ लितेश साहू को अवैध रूप से 35 पौवा देशी प्लेन शराब परिवहन करते पकड़े जाने पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल गया। इस दौरान आरोपी के कब्जे से 35 नग पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 3150 रूपये व एक मोटर सायकल सीजी 04 सीयू 2137 जब्त की गई।

मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम टिकरी निवासी लित्तु उर्फ लितेश साहू पिता ज्वाला प्रसाद साहू 35 साल जो मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 सीयू 2137 में देशी शराब दुकान अर्जुन्दा से अधिक मात्रा में शराब खरीद कर अवैध लाभ कमाने बिक्री करने के उदेश्य से अर्जुन्दा की ओर जा रहा है। सूचना पर दाऊ पारा चौक अर्जुंदा के पास घेराबंदी कर आरोपी लित्तु उर्फ लितेश को पकड़ा गया। उसके कब्जे से एक बोरी में रखी 35 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद की गई। वहीं, परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल सीजी 04 सीयू 2137 को जब्त किया गया। जब्त शराब तथा मोटर साइकिल की कुल कीमत 38150 रूपये आंकी गई है। आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## खनिज नगरी में सिर चढ़कर बोल रहा आल इंडिया गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता का रोमांच

# फाइनल में पहुंची केरला पुलिस, मेजबान राजहरा दंगल से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

- सेमीफाइनल मुकाबलों में केरला पुलिस ने बंगलौर को और केरला इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड ने राजहरा को हराया

खनिज नगरी में चल रहे आल इंडिया गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के आठवें दिन राजहरा फुटबॉल स्टेडियम में टुर्नामैंट के दो सेमीफाइनल मैच खेले गए।

पहले मैच में केरला पुलिस की टीम बंगलौर को शून्य के मुकाबले एक गोल से पराजित कर फाइनल में पहुंच गई। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मैच केरला स्टेट इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड की टीम ने मेजबान राजहरा मांईस को शून्य के मुकाबले तीन गोल से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल मैच में पराजित दोनों ही टीम कोई भी गोल नहीं कर सकी। 3 अप्रैल को पहले सेमीफाइनल मैच में केरला पुलिस एंव बंगलौर के बीच काफी रोमांचक एंव संघर्षपूर्ण मुकाबला रहा दोनों ही टीमों ने अच्छे दर्जे का फुटबॉल खेलकर दर्शकों का मंनोरंजन किया। इसी दौरान मौका मिलने पर केरला पुलिस की ओर से खेल के 42 वे मिनट में जर्सी नं.24 विपिन थामस ने अपने टीम के लिए पहला एवं निर्णायक गोल कर केरला पुलिस को फाइनल में पहुंचा दिया। मध्यकाल तक केरला पुलिस की टीम शुन्य के मुकाबले एक गोल से आगे रही।



मध्यांतर के बाद बंगलौर की टीम बढ़िया खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल को उतारने एवं मैच ड्रा करने का पूरा प्रयास किया, लेकिन मैच खत्म होने तक असफल और केरला पुलिस एक गोल की मामूली बढ़त से मैच जीतकर फाइनल में पहुंच गया।

वहीं दूसरे सेमीफाइनल मैच में मेजबान राजहरा मांईस का मुकाबला केरला स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड से हुआ जहां राजहरा माइंस की टीम के खिलाड़ी मध्यांतर तक आपसी सूझबूझ एवं तालमेल से शानदार खेलते हुए गोल करने के अच्छा प्रयास किया, लेकिन विफल रहे। मध्यांतर तक दोनों ही टीम शून्य-शून्य की बराबरी पर रही।

मध्यकाल के बाद केरला की टीम आक्रामक और तेज फुटबॉल खेलते हुए राजहरा टीम पर जवाबी हमला करते हुए सेकंड हाफ के 30 वें मिनट में जर्सी 10 इडलोश ने पहला गोल कर बढ़त दिलाई। उसके 5 मिनट बाद पुनः केरला इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड की टीम के लिए जर्सी नं 27 करूण ने दूसरा गोल दागा और खेल के आखिरी समय में जर्सी नं 11 विज्ञनेश ने तीसरा गोल कर 00 के मुकाबले 03 गोल की बढ़त से मैच जीतकर फाइनल में स्थान में बना लिया। पराजित राजहरा की टीम कोई भी गोल नहीं कर सका और टुर्नामैंट से बाहर हो गई।

### नव सेना के जवान के मकान में चोरी

**भिलाई।** होली मनाने मुंबई गई परिवार का ताला तोड़कर सोना के जेवरात और अन्य सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि वेंदांत नगर उमरपोटी निवासी रितेश कुमार भारतीय नव सेना मुम्बई में पदस्थ है। होली मनाने के लिए मां और बहन मकान में ताला जड़कर पहुचे थे। अज्ञात ने ताला तोड़कर जेवरात पार कर दिया । जिसकी सूचना फोन पर बडे पिता जी का बेटा सूचना दिया। मुम्बई से वापस लौटते ही घर पहुचने पर मकान के आलमारी में रखे सोना चांदी के जेवरात, नगदी 20 हजार रुपए गायब मिला। कुल चोरी हुए सामानों की कीमत 85 हजार रुपए आंकी गई है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# चुनाव कराने वाले 7 हजार कर्मचारियों को बंटा डेढ़ करोड़ मानदेय

## सात हजार से अधिक कर्मियों के खाते में मानेदय राशि जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव संपन्न कराने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को करीब डेढ करोड रूपए से अधिक की मानदेय राशि जारी कर दी गई है। आयोग द्वारा खाते में राशि जारी किए जाने से कर्मियों ने राहत की सांस ली है।

उल्लेखनीय है कि, विधानसभा चुनाव के पहले ही राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सभी सीटो के लिए मानदेय राशि जारी कर दी गई थी। दुर्ग जिले के लिए भी करीब डेढ करोड रूपए जारी किया गया था। बहरहाल जिला निर्वाचन आयोग ने मानदेय राशि जारी किए जाने के बाद फिर से लोकसभा चुनाव में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने में जूट गई है।

मिली जानकारी अनुसार सबसे ज्यादा 5940 मतदान दलों को 57 लाख 91 हजार 500 रूपए (900/1200) जारी किया गया है। इसी तरह सेक्टर अधिकारी 132 (7500) को मानेदय करीब नौ लाख नब्बे हजार रूपए जारी किया गया है। जिला उप निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे ने बताया कि, चुनाव में सेवा देने वाले सभी कर्मियों को मानेदय राशि जारी हो चुका है।

### चुनाव में लगे इन कर्मियों को मानदेय जारी

विधानसभा चुनाव में लगे मतदान दल, सेक्टर अधिकारी, मतगणना पर्यवेक्षक, एमसीएमसी, काल सेंटर, एईओ, अकाउंट टीम, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, वीएसटी, बीएलओ, माईक्रो आब्जर्वर, सुरक्षा कर्मियों और मतदान दल रिजर्व सहित वाहन प्रभारी, मास्टर ट्रैनर्स नोडल अधिकारियों को एक करोड 53 लाख 4686 रूपए राशि उनके खाते में जारी कर दिए गए है।




### प्रत्येक सीट के लिए 25 लाख रुपए का आवंटन

निर्वाचन आयोग की ओर से औसत प्रत्येक विधानसभा के हिसाब से, 25-25 लाख राशि आबंटित की गई है। इसके तहत रायपुर जिले को 7 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 1 करोड़ 75 लाख, दुर्ग को 1 करोड़ 53 लाख और बिलासपुर जिले को 1 करोड़ 50 लाख राशि 6-6 विधानसभा क्षेत्रों के हिसाब से दिया गया है। हांलाकि इसमें मानदेय के अतिरिक्त भोजन आदि पर किये गये व्यय देय नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### सीएसआर मद से 21 स्कूल में होगी पेयजल की उपलब्धता

**दुर्ग।** गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा जारी किए गए सीएसएसआर मद की राशि से 21 ग्रामों के स्कूल, अस्पताल, पंचायत भवन एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में परियोजना संचालित की जाएगी। जिसके लिए गेल (इंडिया) के महाप्रबंधक नजीब कुरैशी ने 50 लाख की परियोजना में पहली किस्त स्वरूप 25 लाख रूपए की राशि कलेक्टर सुश्री चौधरी को प्रदान की। इस दौरान बाला चंद्रा उप महाप्रबंधक गेल (इंडिया) लिमिटेड एवं सौरभ सिंह मुख्य प्रबंधक गेल (इंडिया) लिमिटेड मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी संचालन के समय में परिवर्तन

**दुर्ग।** जिले में भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मकाल अवधि 8 अप्रैल से 15 जून तक आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय 6 घंटे से घटाकर 4 घंटे किया गया है। ग्रीष्मकाल उपरांत 16 जून से पुनः आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन सुबह 9.30 से 3.30 बजे तक 6 घंटे के लिए किया जाएगा।

### रेण्डमाईजेशन से संबंधित बैठक संपन्न

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत रेण्डमाईजेशन से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन, जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, एआरओ हरवंश मिरी, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, एसडीएम पाटन दीपक निकुंज एवं डिप्टी कलेक्टर शलवकेश ध्रुव उपस्थित रहें।

### सभा, रैली की अनुमति लेने अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** विधानसभावार नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया है। विस क्षेत्र 62 पाटन के नोडल अधिकारी आशीष बंछोर अनु अधिकारी पुलिस पाटन एवं पर्यवेक्षण अधिकारी वेदव्रत सिरमौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण होंगे। विधानसभा क्षेत्र 63 दुर्ग ग्रामीण के नोडल अधिकारी विनोद कुमार मिंज उप पुलिस अधीक्षक अजाक एवं पर्यवेक्षण अधिकारी वेदव्रत सिरमौर अतिरिक्त पुलिस अधिकारी ग्रामीण थाना उतई, अण्डा और अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग थाना दुर्ग, पद्मनाभपुर, पुलगांव होंगे। विधानसभा क्षेत्र 64 दुर्ग शहर के नोडल अधिकारी चिराग जैन नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग को, विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर के नोडल अधिकारी सत्यप्रकाश तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर एवं पर्यवेक्षण अधिकारी सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर होंगे।

**तैयारी : विभागीय बजट में प्रस्ताव शामिल, आचार संहिता के चलते अटका**

# बारह करोड़ रुपए की लागत से ठगड़ा बांध का होगा गहरीकरण

## जलस्तर गिरने से आसपास के वार्ड में बनी है समस्या, सात हजार आबादी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में 16 करोड रूपए की लागत से तैयार किए गए ठंगडा बांध में गहरीकरण के लिए बारह करोड रूपए खर्च किए जाएंगे। गहरीकरण के आलावा तांदुला नाला का जीर्णोध्दार भी किया जाएगा, ताकि जरूत पडने पर यहां पानी छोडा जा सके। इसके लिए जल संसाधन विभाग के बजट में बारह करोड रूपए का प्रावधान किया गया है। बजट में प्रस्ताव शामिल किए जाने के बाद जल्द ही सेक्शन कराए जाने की तैयारी थी। लेकिन अब आचार संहिता समाप्त होने के बाद प्रोजेक्ट को अमलीजामा पहनाया जाएगा।

उल्लेखनीय हैं कि, ठंगडा बांध में भले ही सोलह करोड रूपए खर्च कर इसे तैयार किया गया है। लेकिन बांध में पानी का ठहराव नही होने के चलते यहां की सुंदरता पर दाग लग रहा है। यही नहीं ठंगडा बांध के प्रोजेक्ट तैयार किए जाने के दौरान यहां पानी निकासी किया गया था। जिसके चलते आसपास के नौ वार्डो में जलस्तर की भी समस्या सामने आ रही थी। ऐसे में लोगों को खासकर गर्मी के दिनों में जलस्तर गिरने से पेयजल की समस्या से जूझना पड रहा था। लेकिन वर्तमान में विधायक गजेन्द्र यादव के पहल पर प्रस्ताव तैयार कर लिया है। विधायक के पहल के बाद जल संसाधन विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। अफसरों ने बताया कि, विधायक के प्रस्ताव को विभागीय बजट में शामिल कर लिया है। सेक्शन मिलते ही आचार संहिता के बाद शुरू कराया जाएगा।



### बारिश का रहेगा दौर होगी चुनौती

लोकसभा चुनाव के चलते विगत मार्च में ही आचार संहिता लागू है। ऐसे में लोकसभा चुनाव के परिणाम जून में आने के बाद ही विभागीय कार्य पटरी पर लौटेगें। जून माह में मानसून सक्रिय हो जाता है। ऐसे में अफसरों को राशि सेक्शन कराने के साथ कम समय में गहरीकरण कार्य कराना चुनौती से कम नही होगी। बताया जा रहा है कि, इसके पहले भी बांध का गहरीकरण किया गया था, लेकिन इसके बाद भी गर्मी में बांध सूखने लगा है।

### जलस्तर गिरने से बोटिंग भी बंद

ठंगडा बांध आसपास के वार्डो के लिए जीवनदायिनी रही है। बहरहाल गर्मी के कारण मार्च माह में यहां जलस्तर गिरने लगा है। जिसके बोटिंग भी बंद कर दिया गया है। पर्यटक यहां सिर्फ सौर करने पहुंच रहे है। लेकिन बोटिंग की सुविधा नही मिलने से उनमें मासूसी भी दिख रही है। इसके गहरीकरण से बांध में पानी जहां स्टोर होगा, वहीं आसपास पेयजल की समस्या दूर होगी।

### बांध में गहरीकरण से मिलेगी राहत

ठंगडा बांध का सौन्दर्यीकरण किए जाने के लिए वर्ष 2021 में यहां से पानी निकासी कराया गया था। जिसके चलते आसपास के नौ वार्डो का जलस्तर गिर गया था। इसमें जोगी बस्ती, माली बस्ती, पद्नाभपुर के दोनो वार्ड, कसारीडीह के दोनो वार्ड और गुरूघासीदास वार्ड, केलाबाडी वार्ड, सुराना कालेज वार्ड सहित सिविल लाइन के वार्डो में जलस्तर गिरने से संकट उत्पन्न हुई थी। बहरहाल गहरीकरण किए जाने से ऐसा कहा जा रहा है कि, जलस्तर में इजाफा होगा।

**बजट में शामिल**

ठंगडा बांध का प्रस्ताव विभागीय बजट में शामिल हो चुका है। आचार संहिता के बाद सेक्शन होती ही गहरीकरण और तांदुला नाला निर्माण का कार्य व्यस्थित रूप से होगा। **-एसके पांडेय,** ईई जलसंसाधन विभाग

**मिलेगा फायदा**

ठगडा बांध का जलस्तर बढने से लोगों को पेजयल की समस्या से राहत मिलेगी, वही बांध में पानी का ठहराव होगा। मैने प्रस्ताव जलसंसाधन विभाग को भिजवाया है। **-गजेन्द्र यादव,** विधायक दुर्ग

# पिछले साल से चालीस करोड़ की अधिक आय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी के मागदर्शन में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 140.54 करोड़ का सकल लाभ अर्जित किया, जो कि विगत वर्ष की तुलना में लगभग 40 करोड़ अधिक है।

- बैंक ने अर्जित किया 140 .53 करोड़ का सकल लाभ

प्रदेश के अन्य सहकारी बैंकों की तुलना में दुर्ग बैंक का लाभ पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में सर्वाधिक है। आज कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग सुश्री चौधरी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस.के. जोशी द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर बैंक के वित्तीय स्थिति की जानकारी दी गई। वित्तीय वर्ष 2023-24 में बैंक की अमानते 5971.69 करोड़ रहा। जिसमें 59.49 प्रतिशत की वृद्धि हुई, ऋण वसूली (1499.54 करोड़) 83.23 प्रतिशत हुआ जिसमें गत वर्ष में 3.49 प्रतिशत की वृद्धि हुई, साथ ही बैंक के एन.पी.ए. में 3.06 प्रतिशत की कमी हुआ, बैंक का सकल लाभ 140.54 करोड़ हुआ जो कि विगत वर्ष की तुलना में 39.86 प्रतिशत अधिक है इस प्रकार बैंक के सभी मदों में आर्थिक प्रगति हुई है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के साथ-साथ बैंक में कार्यरत समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा है कि सहकारी बैंक किसानों का बैंक है एवं उनकी सुविधाओं व उन्नति के लिए बैंक द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

### ए ग्रेड में शामिल होगा बैंक

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के सीईओ एसके जोशी ने बताया कि, बैंक की महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही है कि अब यह बैंक ए ग्रेड में आ गया है। पैक्स कम्प्यूटराईजेशन कार्य में भी आज की स्थिति में दुर्ग बैंक द्वारा 8 समिति को गो लाइव किया जाकर प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

# ट्रेनें हो रही थीं रद्द, तब कहां थे सांसदः राजेंद्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने कहा कि, पांच साल का कार्यकाल बीतने के बाद भी पूर्व के भाजपा सांसद के पास उपलब्धियां बताने के लिए कुछ भी नहीं, सदैव जनता से दूर रहने वाले समय पहले सांसद है। आज तक दुर्ग जिले के लिए सांसद निधि से कोई भी कार्य नही करवाए है। राजेन्द्र ने कहा कि, छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली सैकड़ों ट्रेनें पिछले पांच साल में रद्द की गई, लेकिन सांसद के रूप में भाजपा के ने कभी भी रद्द होती ट्रेनों को लेकर न संसद में आवाज उठाई, न पीएम और रेलमंत्री से मिलकर रेलयात्रियों की समस्या को सुलझाने की कोशिश की।

- लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र ने उठाए सवाल

पांच साल तक रद्द होती ट्रेनों से हलाकान होते रहे रेलयात्रियों की समस्या पर चुप्पी साधने वाले भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अब दोबारा किस मुंह से आम जनता से वोट मांग रहे हैं।

### महंत के हेट स्पीच की आयोग से शिकायत

**दुर्ग।** राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के नामांकन हेतु 2 अप्रैल 2024 को आयोजित जनसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में दिए गए बयान को अमर्यादित, अपमानजनक, अभद्र, भड़काऊ और हिंसात्मक भाषण अर्थात हेट स्पीच की श्रेणी में मानते हुए भाजपा ने इसकी शिकायत भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग को की है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की न्यायिक प्रक्रिया और चुनाव आयोग समन्वय समिति के सौरभ चौबे, सुरेंद्र कौशिक और राजेंद्र कुमार पाध्ये ने चरणदास महंत के खिलाफ हेट स्पीच किए जाने संबंधी शिकायत दर्ज कराई है।

# गंदे पानी की बोतल लेकर जलगृह पहुंचे पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वार्डों से पेयजल संकट की शिकायतें सामने आने लगी है। जिससे वार्डवासियों को पेयजल के लिए परेशानियां उठानी पड़ रही है। गंदा प्रदूषित पेयजल भी चिंता का कारण बना हुआ है। आमापारा वार्ड क्रमांक-12 पश्चिम के विजयनगर क्षेत्र से बुधवार को गंदा पेयजल आपूर्ति होने की शिकायतें भी सामने आई है। इससे आक्रोशित वार्ड के पार्षद अजीत वैद्य एक बोतल में गंदा पेयजल लेकर स्वयं वार्डवासियों के साथ नगर निगम के जलगृह विभाग पहुंचे थे। इस दौरान उन्होने गंदा पेयजल आपूर्ति की शिकायत की और व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर दिया। पार्षद अजीत वैद्य ने कहा कि वार्ड में कुछ स्थानों की पेयजल पाईपलाईन क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसके माध्यम से गंदा प्रदूषित पानी घरों तक पहुंच रहा है। जलगृह विभाग से उन्हें पेयजल पाईपलाईन ठीक करवाने का आश्वासन मिलने पर वे वापस लौटे। इसी प्रकार गायत्री मंदिर वार्ड क्रमांक-25 में बुधवार को पेयजल संकट से लोग परेशान रहे। पेयजल संकट की शिकायत वार्ड के पार्षद राजकुमार नारायणी तक भी पहुंची। उन्होने लोगों को पेयजल संकट से राहत दिलाने नगर निगम के जलगृह विभाग में संपर्क किया, लेकिन वहां बैठे जिम्मेदारों ने पार्षद के शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होने कहा पेयजल के वैकल्पिक व्यवस्था टैंकर वार्डों में भेजने भेदभाव किया जा रहा है।

- पार्षद नारायणी ने टैंकर भेजने में लगाया भेदभाव का आरोप

# तालाबों की सफाई पर रखें खास ध्यान आसपास लगाए जाएं पौधे : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



नगर निगम द्वारा क्षेत्र के तालाबों को संवारने का काम किया जा रहा है। सोमवार को निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने पोलसायपारा तालाब एवं क्षेत्र सहित स्टेशन रोड का निरीक्षण कर जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने दुर्ग निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले तालाबों को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को दिए हैं। आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने वार्ड क्रमांक 27 पोलसायपारा तालाब परिसर पहुंचे। वहां उन्होंने तालाब के आसपास के पूरे परिसर की सफाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा तालाब परिसर के आस पास विशेष सफाई कर पौधे लगाए जाए। उन्होंने प्रतिदिन शहर क्षेत्र के सभी तालाबों के आसपास के पूरे परिसर की सघन सफाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा तालाबो की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें ताकि घूमने आने वालों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। आयुक्त ने तालाब के निरीक्षण के दौरान घूमने आए हुए लोगों से भी सफाई को लेकर चर्चा की और फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि सड़क किनारे विद्युत पोल सहित चौक चौराहों से अवैध बैनर, पोस्टर निकलवाए साथ ही नालियों की गैंग लगाकर सफाई कराई जाए। गंदगी फैलाने वालों से जुर्माना की कार्रवाही भी किया जाए। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि सड़क किनारे वार्डो के भीतर सरकारी सड़क पर भवन निर्माण सामग्री या मलबा सड़क पर डाला तो उन्हें बख्शा नहीं जाए, बल्कि सामग्री को जब्त कर जुर्माना लगाया जाए। भवन निर्माण सामग्री डालकर सड़क को घेरने वाले स्थानों को चिन्हित करने का काम भी कर्मचारियों को सौंपा गया। निरीक्षण के दौरान राजू सिंह स्वास्थ्य विभाग अमला भी मौजूद थे।

- आयुक्त पंहुचे पोलसाय तालाब के निरीक्षण करने

**किसानों ने बैठक लेकर बीमा राशि जारी करने पर की चर्चा**

# दावा आपत्ति करने समय देने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा धमधा ब्लाक के खैरझिटी गांव में किसान बईठका आयोजित किया गया। जिसमें आसपास के गांव से अनेक किसान शामिल हुए, किसानों ने मौसम और आंधी पानी और ओलावृष्टि के कारण चना, गेहूं और उद्यानिकी फसलों को हुई क्षति की बात कहते हुए प्रशासन द्वारा किये गये सर्वे पर सवाल खड़े किए है।

- बगैर जानकारी के गांव में सूची चस्पा, उपजा आक्रोश

किसानों ने कहा कि, प्रभावित किसानों को पता भी नहीं चला कि कब सर्वे हुआ और सूची बनकर तैयार भी हो गया। किसानों ने सर्वे सूची को पंचायत में चस्पा करने और दावा आपत्ति करने के लिए समय देने की मांग की है। ताकि एक भी प्रभावित किसान राहत राशि से वंचित न रह जाए। किसनों का कहना हैं कि, नियम की जानकारी नहीं होने के कारण फसल को हुई क्षति के बावजूद प्रभावित किसान बीमा लाभ से वंचित रह जाएंगे। किसान बईठका में खैरझिटी के अलावा हिरेतरा, परसकोल, पगबंधी, बिरेभाट, पेंड्रावन, डोड़की, रूहा, कोनका आदि गांवों के किसान शामिल थे, छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के उत्तम चंद्राकर, बाबूलाल साहू, बद्री प्रसाद पारकर परमानंद यादव, मनोज मिश्रा ने किसानों का मार्गदर्शन किया अध्यक्षता किसान बंधु के टेक सिंह चंदेल ने किया।



### किसानों को वंचित होने का डर

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के एड राजकुमार गुप्त ने किसानों को बीमा योजना की जानकारी देते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण फसल को हुई क्षति की जानकारी 72 घंटे में बीमा कंपनी को देने का प्रावधान है। इसकी जानकारी न होने के कारण अधिकांश प्रभावित किसानों ने समय पर सूचना नहीं दी है। किसानों ने मांग की है कि, शासन प्रशासन को दखल देने और प्रभावित किसानों को बीमा लाभ पहुंचाने का दायित्व निभाना चाहिए।

### पाटन के देमार फैक्ट्री की नहीं मिली रिपोर्ट

**दुर्ग।** विगत दिनों औषधि प्रशासन विभाग द्वारा पाटन के देमार गांव में पनीर फैक्ट्री पर छापामार कार्यवाही की गई थी। इस दौरान यहां नकली पनीर बनाए जाने की आशंका जताई गई थी। छापामार कार्यवाही किए सप्ताहभर बीत चुके है। अधिकारियों ने बताया था कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट दो दिन के अंदर आ जाएगी। लेकिन अब तक रिपोर्ट का पता नही हैं। पाटन ब्लाक के ग्राम देमार में स्थित दुध फैक्ट्री से प्रतिबंधित सामग्री और लाखों रूपए का दूध पाउडर, तेल का टीन, पाम आइल सहित कास्टिक सोडा और एसिड मिले थे। जिसकी कीमत 57.12 लाख रूपए से अधिक है। साथ ही मिल्क पावडर 550 बोरी मुल्य 38.50 लाख, पाम आयल 784 टीना मुल्य 12-5 लाख व कास्टिक सोडा 4 बोरी यूरिया 1 बोरी 48 लीटर एसिटिक एसिड महिल कुल 57.12 लाख के मुल्य के समाग्री को सीज किया गया था।

# निगम कार्यालय की छत पर पक्षियों के लिए किया दाना-पानी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



नगर निगम कार्यालय की छत पर पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम किया गया है। इस मौके पर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि बेजुबान पक्षियों की सेवा करना हमारा पहला कर्तव्य बनता है। गर्मी के मौसम में पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य होता है। गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी नहीं मिलता उनका जीना दूभर हो जाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य तो पानी की व्यवस्था कर लेता है परंतु बेजुबान पक्षी अपनी इच्छाओं को व्यक्त नहीं कर पाते। मानवता के नाते हमें पक्षियों के दाना.पानी की व्यवस्था अवश्य करनी चाहिए। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने पक्षियों के लिए निगम कार्यालय के छत पर मिट्टी के सकोरों में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की। उन्होंने अपील कर कहा कि जागरूक लोग इनकी मदद के लिये आगे आएं। हर साल गर्मी के मौसम में न जाने कितने पक्षी प्यास और तापघात का शिकार होकर अपनी जान गवां देते है। उन्होंने कहा यदि एक छोटी-सी कोशिश अवश्य करें। उन्होंने कहा कि अपने घर की बालकनी और आंगन में आप पक्षियों के लिए पानी रख सकते हैं। प्लास्टिक या स्टील के बर्तन में पानी न रखें, धूप में इन बर्तनों का पानी गर्म हो जाता है। मिट्टी के बर्तन में पानी रखना सबसे अच्छा होता है। इन बर्तनों की नियमित सफाई करते रहें जिससे पक्षी रोगों से दूर रहें।

## खबर संक्षेप

### महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त जारी

**रायपुर।** महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त 655 करोड़ रुपए बुधवार को जारी किए गए। 70 लाख महिलाओं के खातों में एक-एक हजार रुपए की दूसरी किस्त अंतरण की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने ट्विट में लिखा, "मोदी की गारंटी" में किये वादे को निभाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों के स्वाभिमान का सम्मान कर आज "महतारी वंदन योजना" की इस माह की किस्त जारी हुई। उल्लेखनीय है कि पहली किस्त 10 मार्च को लगभग 70 लाख विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना का पैसा डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में पहुंचा था। योजना के अंतर्गत हितग्राहियों से ऑफलाइन आवेदन प्राप्त करने तथा अपलोड किए जाने के लिए प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र, ग्राम/वार्ड प्रभारी, पर्यवेक्षक, परियोजना अधिकारी के 68 हजार 836 से अधिक यूजर आईडी तैयार किए गए थे।

### साय सरकार में माता बहनों से ठगी लगातार जारी

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, माताओं, बहनों के खाते में महतारी वंदन की दूसरी किस्त अभी तक नहीं पहुंची। सरकार खाते में पैसा डालने की केवल बयानबाजी कर रही, पैसा नहीं डाल रही है। साय की सरकार ने साबित किया है कि झूठ, लफ़्फ़ाज़ी और वादाखिलाफी ही मोदी की गारंटी है। डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ का केवल शोषण कर रही है। महतारी वंदन के नाम पर प्रदेश की 1 करोड़ 4 लाख महिला मतदाताओं में से अधिसंख्यक महिलाओं का इंतजार अब तक खत्म नहीं हुआ है। 18 से 21 वर्ष की विवाहित महिलायें पूरी तरह से ठगी गईं, यही नहीं जिन्हें पात्र बताया उनका पैसा भी खातों में अब तक नहीं आया। ऐसे हितग्रहियों की बड़ी संख्या है।

### सेक्टर अधिकारी-बीएलओ व सुपरवाइजरों को दी गई चुनाव संबंधी कार्यों की जानकारी

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच बुधवार को रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर नवीन ठाकुर ने सेक्टर अधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजरों की संयुक्त बैठक लेकर उन्हें चुनावी कार्यों से संबंधित जानकारी दी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर नवीन कुमार ठाकुर ने बैठक के दौरान मतदान केंद्रों में दिव्यांग मतदाता, 85 से अधिक उम्र के मतदाताओं को घर से मतदान करने के संबंध में जानकारी दी। इसके लिए सूची समय सीमा के भीतर बनाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही वोटर हेल्पलाइन, सरकारी कर्मचारी को चुनाव ड्यूटी सर्टिफिकेट एवं पोस्टल बैलेट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने मतदान केंद्र का पुनः निरीक्षण कर आवश्यक उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर राकेश देवांगन और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निधन

### मंगलू राम साहू



**लाटाबोड़।** ग्राम भोइनापार निवासी मंगलू राम साहू 80 वर्ष का 4 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे केशव राम साहू के बड़े भैय्या एवं अशोक कुमार साहू, चतुर राम साहू, दिनेश कुमार के पिता जी तथा हेमंत साहू के बड़े पिता जी थे। उनकी अंत्येष्टि में परिजनों के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### रामनाथ साहू



**गुरूर।** ग्राम देवकोट पलारी निवासी रामनाथ साहू 70 साल का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे दान बाई साहू के पति, महेश्वर साहू के पिता व राजेश्वरी साहू के ससुर थे।

---

## चुनाव : मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने लगाया गया मतदाता जागरुकता शिविर

# आमाडुला में दिखी आदिवासी संस्कृति की झलक







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के आदिवासी बाहुल्य वाले डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम आमाडुला में आदिवासी संस्कृति पर आधारित भव्य एवं वृहद मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति की बहुत ही सुंदर बानगी देखने को मिली।

कार्यक्रम में आदिवासी कलाकारों ने ऐसा समा बाँधा कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, सहित अन्य अधिकारी अपने आप को आदिवासी नृत्य करने से नहीं रोक पाए। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. कन्नौजे, जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर सहित अन्य अधिकारियों ने मांदर के मधुर तान पर थिरक कर मांदरी नृत्य करते हुए आदिवासी संस्कृति को जीवंत किया।

इस अवसर पर आदिवासियों की परंपरागत मांदरी एवं रेला नृत्य के अलावा आंगा देव का प्रदर्शन सहित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति से समुचा कार्यक्रम आदिवासी संस्कृति से सराबोर हो गया। समारोह में अतिथियों का आदिवासी परंपरागत गौर मुकुट एवं गमछा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर कलाकारों, स्वसहायता समूह की महिलाओं एवं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विविध कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं एवं आम जनता को लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया। इस अवसर पर विलुप्त हो रहे टिकटिकी नृत्य का प्रदर्शन कर मतदाताओं एवं आम नागरिकों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।

### आदिवासी कला-संस्कृति के माध्यम से लोगों को दिया गया मतदान करने का संदेश





### सेल्फी पॉइंट में खिंचाई फोटो

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि जिस उमंग एवं आत्म विश्वास के साथ आप सभी आज इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित हुए हैं। उसी तरह आप सभी मतदान तिथि 26 अप्रैल को भी मतदान केंद्र में पहुँचकर पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल में सेल्फी पॉइंट में सेल्फी लेकर आम लोगों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसके साथ ही अधिकारी–कर्मचारियों, स्वसहायता समूह की महिलाओं एवं आम नागरिकों ने गाजे–बाजे के साथ आदिवासियों की परंपरागत मांदरी नृत्य कर एवं आंगा देव का प्रदर्शन करते हुए ग्राम आमाडुला का भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान तिथि 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।



**बनाई गई मानव श्रृंखला :** इस अवसर पर महिलाओं ने अपने सिर पर स्वीप कलश धारण कर कलश यात्रा भी निकाली। समारोह में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने नवविवाहिताओं के अलावा नये एवं बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान कर उन्हें मतदान तिथि 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इसके अलावा कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने वचन मतदान के फ्लैक्स में हस्ताक्षर कर सभी प्रकार के निर्वाचनों में सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का वचन दिया। कार्यक्रम में 'करबो मतदान' की आकृति बनाकर विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण भी किया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम एवं स्वीप मेंहदी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जनपद पंचायत डौण्डी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले ने किया।

### 26 अप्रैल को अवश्य करें मतदान : चंद्रवाल

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि हमारे लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं परिपक्व बनाने हेतु हम सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है, इसलिए हम सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र की इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। चन्द्रवाल ने जिले के सभी मतदाताओं को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान तिथि 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर बालोद जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आमाडुला में आदिवासी थीम पर आधारित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर हमारे आदिवासियों के परंपरा एवं संस्कृति को जीवंत रखने एवं सहेजने का बेहतरीन प्रयास किया गया। इस अवसर पर चन्द्रवाल ने उपस्थित लोगों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई।

---

# कम नहीं हो रहीं जंगल में आग लगने की घटनाएं

## वन विभाग की बार-बार समझाइश के बाद भी लापरवाही बरत रहे कुछ लोग

हरिभूमि न्यूज:बालोद

जिले के वनांचल क्षेत्रों में पेड़ों के नीचे गिरे सूखे पत्तों को ग्रामीण या कोई भी व्यक्ति जो पिकनिक मनाने जंगल जाते हैं, वे लोग आग लगाकर जंगल को जलने के लिए छोड़ देते हैं, जबकि ऐसा करना दंडनीय अपराध है।

वन विभाग द्वारा लगातार समझाइश देने के बावजूद लोग जंगल में लापरवाही बरतने से बाज नहीं आ रहे हैं। खासकर वनांचल क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण ही जंगल में नीचे गिरे सूखे पत्तों को आग लगा रहे हैं। जबकि वन विभाग इस मामले को लेकर लगातार जागरुकता अभियान चला रहा है। गुरुवार को सुबह कुछ ताजा तस्वीरें जंगल से सामने आई हैं। जहां वन विभाग की टीम जमीन पर गिरे सूखे पत्तों को पेड़ से दूर करने का कार्य कर रहे हैं। हरे भरे पेड़ों के नीचे जमीन पर गिरे पत्तों को साफ करने का उद्देश्य यह है कि कोई भी व्यक्ति अगर पत्तों को आग लगाता है तो वह आग पेड़ तक पहुंच न सके।





### जंगल से लाभ और जंगल को ही करते हैं नुकसान

जिले के वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों का जनजीवन लगभग जंगल के भरोसे ही चलता है। महुआ बीनने जंगल जाएंगे, तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल जाएंगे, लकड़ी काटने जंगल जाते हैं, तेंदू, चार, सीताफल, जामुन, हर्रा, बेहड़ा, बेल सहित अन्य मौसमी फलों भी तोड़ने जंगल जाते हैं और इन्हें बाजार में बिक्री कर आय अर्जित करते हैं। लेकिन ग्रामीणों को जंगल से इन सबका लाभ मिलने के बाद भी कुछ ग्रामीण जंगल में आग लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। कुछ ही दिनों पूर्व जंगल की सुरक्षा में लगे गार्ड ने जंगल में आग लगाते हुए एक ग्रामीण को रंगे हाथों पकड़ा, इस दौरान गार्ड ने उसे कड़ी चेतावनी देते हुए दोबारा इस तरह की गलती नहीं करने की समझाइश दी।

### आग लगने से छोटे जीव-जंतुओं को भारी नुकसान

वनों की रक्षा में लगे गार्ड ने बताया कि सूखे पत्ते को जलाने से जंगल को काफी नुकसान होता है। सूखे पत्तों के बीच रहने वाले कीड़े मकोड़ों की जलकर मौत हो जाती है। इसके साथ ही अन्य छोटे-छोटे जीव जंतुओं को भी खासा नुकसान होता है। आग और धुआं की वजह से हरे भरे पेड़ों को नष्ट होने से नहीं बचाया जा सकता। इसका खामियाजा लोगों को भी भुगतना पड़ सकता है।

### जंगल में आग लगाने वाले पर होगी कार्रवाई

ग्रामीणों द्वारा आग लगाने की जानकारी मिलते ही वन रक्षक की टीम पेड़ों के नीचे सूखे पत्तों को हटाने का कार्य कर रही है, ताकि पेड़ आग की चपेट में न आएं। कोई भी व्यक्ति जंगल में आग लगाते पकड़ा गया, तो उस पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

- रामनाथ टेकाम, वन परिक्षेत्र अधिकारी, बालोद।

---

# सेवानिवृत्त व्याख्याता सुरीतराम ने दिया न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** ब्लाक के ग्राम भरनाभाट के सेवानिवृत्त व्याख्याता सुरीतराम ठाकुर ने गुरुवार को अपनी पत्नी गीता बाई ठाकुर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर शासकीय पूर्व माध्यमिक और शासकीय प्राथमिक शाला भरनाभाट संकुल रानाखुज्जी के कुल 137 बच्चों को न्योता भोज कराया। बच्चों को केला, अंगूर और अइरसा के रूप में पूरक भोजन दिया गया। इस आयोजन में ग्राम पंचायत भरनाभाट सरपंच रामबाई ठाकुर, माध्यमिक शाला प्रधान पाठक आरएम सिद्दीकी, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक अश्वनी देवांगन, शिक्षक तीखम सिंह देवांगन, जेपी देशमुख, गुरुदास शिम्पी, भागवत इन्दौरिया (सी.ए.सी.), युसूफ टंडन, और प्रियंका साहू शामिल रहे।

# पं. प्रदीप के स्वास्थ्य लाभ की कामना से महिलाओं ने की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



अंतर्राष्ट्रीय पंडित प्रदीप मिश्रा के स्वास्थ्य सुधार के लिए स्थानीय महिलाओं ने हनुमान मंदिर में भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर प्रभु से पंडित प्रदीप मिश्रा के जल्द स्वास्थ सुधार की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं मंदिर पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। बता दे कि कुछ दिनों पहले पंडित प्रदीप मिश्रा एक रैली में रथ में बैठकर गली भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा था। इस दौरान लोग महाराज पर दूर-दूर से फूल बरसा रहे थे। इसी दौरान किसी ने फूल के साथ नारियल फेंका, जो पंडित प्रदीप मिश्रा के सिर पर लगा, जिससे वे घायल हो गए। उनके सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार जारी है।

---

# चुनाव आयोग ने कांकेर-महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा में नियुक्त किया प्रेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में आम चुनाव के लिए सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। आयोग ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2005 बैच के अधिकारी डॉ. एमटी रेजु को सामान्य प्रेक्षक, भारतीय पुलिस सेवा के 2011 बैच के अधिकारी एम. राकेश चंद्र कलासागर को पुलिस प्रेक्षक और भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के 2014 बैच के अधिकारी संदीप मोंडल को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है। भारत निर्वाचन आयोग ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के शशि रंजन को सामान्य प्रेक्षक, भारतीय पुलिस सेवा के 2014 बैच के अधिकारी योगेन्द्र कुमार को पुलिस प्रेक्षक तथा भारतीय प्रतिरक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस) के प्रवीण रंजन को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2004 बैच के अधिकारी डॉ. समित शर्मा को सामान्य प्रेक्षक एवं भारतीय पुलिस सेवा के 2011 बैच के अधिकारी एम राकेश चंद्र कलासागर को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। आयोग द्वारा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत महासमुंद जिले के लिए भारतीय राजस्व सेवा के 2014 बैच के अधिकारी मनीष कुमार डबास को तथा धमतरी और गरियाबंद जिले के लिए भारतीय राजस्व सेवा के 2016 बैच के अधिकारी श्री राम प्रभु उदय आर को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

# अनुकंपा नियुक्ति विधवा पेंशनरों को अब सेवा व परिवार पेंशन दोनों में मिलेगा डीए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि के आदेश पर वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी ने संबंधित बैंकों को निर्देश जारी किया है कि अब छत्तीसगढ़ राज्य में अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त महिलाओं को पति के परिवार पेंशन तथा पति के निधन के बाद अनुकंपा नियुक्ति पत्नी को सेवा पेंशन दोनों पेंशन में महंगाई भत्ता की पात्रता होगी। संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि छत्तीसगढ़ के आदेश के तहत प्रदेश के सभी जिला कोषालय अधिकारियों द्वारा सभी 9 अधिकृत बैंकों को जहां से पेंशन का भुगतान होता है, इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं। अब स्वयं की पेंशन व दिवंगत पति की परिवार पेंशन दोनों में महंगाई भत्ता की पात्रता होगी। ऐसी महिला जो अनुकंपा नियुक्ति के बाद सेवानिवृत हो गई हैं, उन्हें पति की पेंशन व स्वयं की पेंशन अर्थात सेवा पेंशन एवं परिवार पेंशन दोनों में महंगाई भत्ता की पात्रता होगी।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### बंद रहेगी मांस बिक्री

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम, भिलाई सीमा के अन्तर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें इन दिनों बंद रहेगी। शासन से जारी आदेश के तहत चैतीचांद पर्व 9 अप्रैल दिन मंगलवार, रामनवमी पर्व 17 अप्रैल दिन बुधवार एवं महावीर जयंती 21 अप्रेल दिन रविवार को समस्त पशुवध गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद रखा जाएगा। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन कराने शासन द्वारा आदेश जारी किया गया है।

### बिजली कं. के अधिकारी के मकान में चोरी

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि विद्युत नगर दुर्ग निवासी कुमारी मनीषा साहू सहायक इंजीनियर के पद पर बिजली कंपनी में पदस्थ है। सेक्टर 4 भिलाई में पीड़िता जी के नाम से बीएसपी क्वाटर है। 16 मार्च की शाम माता पिता के साथ अपने घर में ताला लगाकर सेक्टर 4 स्थित क्वाटर चले गए थे। रात में वहीं रूक गए दूसरे दिन अपने घर वापस आकर देखा। तब मकान के बाउड्रीवाल के गेट का ताला खुला पड़ा मिला। मकान के भीतर जाने पर सारा सामान बिखरा पडा मिला। ज्ञात चोर ने मकान से सोना चांदी के जेवरात, नगदी 80 हजार रुपए चोरी हो गया। चोरी हुए सामानों की कीमत 1 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है।

### क्रिप्टो करेंसी के नाम पर 10 लाख की ठगी

**भिलाई।** क्रिप्टों करेंसी का झांसा देकर ठगी करने वाले दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत कार्रवाई किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि साकिन तालपुरी कालोनी ए ब्लाक भिलाई नगर निवासी मनोज कुमार श्रीवास्तव का मित्र मकान 27 ग्रीन आर्चिड़ रायपुर दलदल सिवनी मोवा रायपुर निवासी सोहेल खान है। जिससे पीड़ित की खास जान पहचान है। मित्र मकान नंबर- 203, जौहर मेन्शन, आमानाका, रायपुर निवासी मो. मोनिश फारुखी से मुलाकात सोहेल ने कराया था। क्रिप्टो करेंसी ट्रेडिंग कंपनी में पैसा दोगुना करने का झांसा देकर 8 लाख रुपये, मुकेश कुलमी से 2 लाख रुपये लिया। इस दौरान रकम डबल नहीं हुआ न ही लौटाया। 10 लाख रुपए आरोपी मोनिश को सोहेल के कहने पर दिया।इसके एवज में 507 प्रतिशत का लाभ देने का झांसा दिया। जिसकी जवाबदारी सोहेल ने 6 माह का लिया था। परेशान होकर पीड़ित ने शिकायत पुलिस से की है। पीड़ित जब अपने रकम लौटाने की बात कहने पर आरोपियों ने उसे धमकाने की कोशिश भी की है।

### लूट का आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** चाय नाश्ता ठेला संचालक के साथ लूट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 294, 392, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि राजीव नगर वार्ड 2 दुर्ग निवासी दोमेन्द्र प्रसाद देवांगन चाय नाश्ता का ठेला चलाता है। 1 अप्रैल की रात सैफ ईरानी, सुल्तान उर्फ सोनू, कोरेक्स ईरानी नामक युवक पहुचे थे।

### साहू समाज ने किया सामाजिक समरसता व होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन

# टिकरी में जुटे 65 गांवों के सैकड़ों सदस्य समाज की उन्नति के लिए किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

नगर से लगे ग्राम टिकरी स्थित साहू समाज के भवन में एक दिवसीय सामाजिक समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां तहसील साहू संघ अध्यक्ष उमाशंकर साहू सहित तहसील स्तर के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला व युवा मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत माता कर्मा के तैलचित्र पर पूजा अर्चना के साथ हुई। उसके बाद इंडियन आईडल में शामिल हो चुकी समाज की बेटी अर्जुन्दा की रहने वाली सुहानी साहू ने गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया। उसके बाद आयोजन में पहुंचे अतिथियों का फूलमाला से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को और आकर्षक बनाने के लिए समाज के नन्हे नन्हें बच्चों द्वारा आकर्षक वेशभूषा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान वहां मौजूद महिलाओं और युवाओं को प्रदेश से






लेकर जिले और तहसील स्तर के सामाजिक पदाधिकारियों के विषय में जानकारी दी गई। वहीं, कुछ दिनों बाद होने वाले जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव को लेकर रणनीति तैयार की गई। आयोजन के माध्यम से समाज को और समाज के युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने और आगे बढ़ाने के लिए के विषय पर विचार किया गया। इसके बाद 65 गांव के 700 से अधिक सामाजिक युवाओं और महिलाओं की मौजूदगी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

#### शाम को हुईं विविध प्रतियोगिताएं

शाम होते ही महिलाओं, युवाओं और दम्पत्ति के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बैलून फुलाओ, सुई-धागा, बैलून फोड़ना, बॉस्केट बॉल खेल को शामिल किया गया। स्पर्धा में जीतने वाले युवाओं, महिलाओं और दम्पत्ति को समाज की ओर से पुरस्कार वितरण किया गया।

### शासकीय विद्यालय विनायकपुर में बच्चों को बांटी गई किताबें




**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में पुस्तक वितरण किया गया। वार्षिक परिक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कक्षा 9 वीं से उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं में प्रवेश किया। शाला के प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत के निर्देशानुसार पुस्तकालय प्रभारी लीना जोशी ने 3 अप्रैल को कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों को सभी विषय के निशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया। इस अवसर पर शाला परिवार से भातेन्द्र गंगराले, रोहित देशमुख, सरस्वती उमरे, देवश्री साहू, शैलेन्द्र साहू, मालती साहू, पूर्णिमा कोशले, उषा ठाकुर, ममता तिवारी,लीना जोशी,मीनाक्षी नेताम, प्रेमलता योगी देवांगन गुलशन चंद्राकर, दीपमाला यादव, तरुण साहू एवं कक्षा 10वी व 12वी के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मां की समृति में बच्चों को दिया न्योता भोज



**कुसुमकसा।** शासकीय प्राथमिक शाला मरकाम टोला, झरन टोला तथा पूर्व माध्यमिक शाला झरन टोला में उत्तम पोटाई एवं उनकी धर्म पत्नी बासन पोटाई ने अपनी माता जेठी बाई पोटाई की पुण्य स्मृति में न्योता भोज कराया। इसके अंतर्गत तीनों शालाओं में खीर-पूड़ी वितरण किया गया। इसके साथ ही प्राथमिक शाला मरकाम टोला की कक्षा पहली की छात्रा जीविका का जन्म दिवस केक काटकर मनाया गया। इस उपलक्ष्य में जीविका के दादाजी फ़कीर राम भूआर्य ने अंगूर एवं केला का वितरण किया। पूर्व माध्य, प्राथमिक शाला झरन टोला एवं प्राथमिक शाला मरकाम टोला के प्रधान पाठकों ने श्री पोटाई का तिलक वंदन कर सम्मान किया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला मरकाम टोला में श्री कौर, नूतन चुरेंद्र, उमेन्द्र मंडावी, रामकुमार ठाकुर, संतोष राणा, रोहित यादव, रवि शंकर, लक्ष्मी बाई, शत्रुघन करेंद्र एवं आनंद राम उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को दी गई बौद्धिक संपदा अधिकार व साइबर लॉ की जानकारी



**बालोद।** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन एमए राजनीति शास्त्र प्रीवियस एवं अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार एवं साइबर लॉ विषय पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राघवेश पांडेय ने बौद्धिक संपदा अधिकार को समझते हुए व्यापार चिन्ह, कॉपीराइट एक्ट, भौगोलिक संकेतन अधिनियम, पेटेंट अधिनियम को विस्तर से बताया। उन्होंने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया तथा उल्लंघन पर दंड का प्रावधान को बतलाते हुए सुसंगत न्यायिक निर्णयों का भी उल्लेख किया। विशेष वक्ता पूजा ठाकुर ने साइबर लॉ विषय पर अपना विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि लोगों को सावधान रहना चाहिए तथा अनजान लिंक एवं फोन कॉल को रिसीव भी नहीं करना चाहिए। उन्होंने विधिक सहायता के लिए टोल फ्री नंबर को भी छात्रों को बताया। सुब्रत मंडल ने भारतीय संविधान के मुख्य प्रावधानों जैसे मूल अधिकार, मूल कर्तव्य, प्रस्तावना के विस्तार से बतलाते हुए कहा कि भारत में विधि का शासन है, इसलिए सभी को विधि जानना आवश्यक है। इस अवसर पर राजनीति शास्त्र अतिथि प्राध्यापक खिलावन साहू, द्रोपदी यादव एवं दीपाली कुरेती एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। आभार व्यक्त एवं संचालन अतिथि प्राध्यापक खिलावन साहू द्वारा किया गया।





## 9वीं में धनिका व 11वीं में डालिका प्रथम

**डौंडीलोहारा।** सेजस विद्यालय दुधली में सत्र 2023-24 की 9वीं व11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 9वीं से प्रथम धनिका देशमुख 96.83 प्रतिशत, द्वितीय भूपेंद्र कुमार देशमुख 91.83 तथा तृतीय चंचल यादव 91.8 प्रतिशत रहे। इस प्रकार 9वीं का परीक्षा परिणाम 63.25 प्रतिशत रहा।

इसी प्रकार 11वी कला में प्रथम पूर्णिमा 85.8, द्वितीय चाहत कुमार पटेल 83 तथा तृतीय प्रतिमा शांडिल्य 80.4 प्रतिशत रहे। 11वी विज्ञान में प्रथम डालिका देवांगन 87, द्वितीय धीरज कुमार 84, तृतीय भानेश्वरी 80.5, 11वी वाणिज्य में प्रथम उषा 69, द्वितीय खिलेश्वरी 67, तृतीय भावना 66.6रहे। 11वी में तीनों संकाय मिलाकर परिणाम 73.11 प्रतिशत रहा। संस्था की प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव ने कहा कि कोई भी छात्र पूरक या अनुत्तीर्ण होने पर निराश न हो, पुनः अच्छे मेहनत कर पास हों। कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले तथा सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सफलता प्राप्त करने पर बधाई दी। परीक्षा परिणाम की घोषणा प्राचार्य के निर्देशानुसार परीक्षा प्रभारी मिलन सिंह सिन्हा ने की। संस्था के समस्त स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### अछोली के शिक्षक यज्ञ कुमार ने कराया न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अछोली के शिक्षक यज्ञ कुमार देवांगन ने अपने गृह प्रवेश के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। इसके तहत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों को केला, गुलाब जामुन, खीर, मुंगोड़ी परोसा गया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक बीआर भैसारे, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक विजय कुमार यादव, शिक्षक कुंती देवांगन, तारा भुआर्य, खजंन गांवरे, उषा भुआर्य सीएसी लिलेश्वर कुर्रे उपस्थित रहे।

## पीसीसी चीफ ने कार्यकर्ताओं को दिलाई पार्टी प्रत्याशी बीरेश को जिताने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी




- डौंडी में हुई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडी के अध्यक्ष कोमेश कोर्राम के नेतृत्व में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के डौंडी ब्लॉक के समस्त पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं की बैठक 4 अप्रैल को सर्व आदिवासी समाज भवन डौंडी में रखी गई।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, कांकेर लोकसभा के संयोजक एवं डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया, कांकेर लोकसभा के प्रत्याशी बीरेश ठाकुर, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव कोको पाढ़ी का आगमन हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कार्यकर्ताओ को कांकेर लोकसभा में जीत दिलाने का संकल्प दिलाया। विधायक अनिला भेड़िया ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को भरोसा दिलाया कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के डौंडी ब्लॉक में हमेशा से ही डौंडी ब्लॉक से लीड दिलाई है और इस बार भी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी बिरेश ठाकुर भारी मतों से जीतेंगे। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी बिरेश ठाकुर ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में किसी प्रकार की कोई कमी रही होगी, उसे पूरा करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि उस समय बहुत कम वोट से हारने के बाद मुझे जो फिर लोकसभा की जिम्मेदारी मिली, उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, जिला महामंत्री रत्ती राम कोसमा, शब्बीर खान, काशी निषाद,कृष्णा दुबे, दुली चंद गोयल, जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष प्रशांत बोकड़े,जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश नुरुटी, जिला पंचायत सदस्य करिश्मा सलामे, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती दुग्गा, उपाध्यक्ष पुनीत सेन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री प्रकाश आर्य, कैलाश राजपूत, अतीक कुरेशी, कोमलेंद्र चंद्राकर सहित सभी जोन अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बुथ के अध्यक्ष, ब्लॉक के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उधारी देने से मना करने पर होटल संचालक की पिटाई

**भिलाई।** उधार देने मना करने पर होटल संचालक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है।शिकायत पर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि ब्राम्हण पारा वार्ड 33 निवासी यश वर्मा का चाय नाश्ता का होटल है। मंगलवार रात 8 बजे नटराज चौक दरोगा गली में निवास करने वाले चार युवकों एक साथ होटल में बैठकर नाश्ता किए। जब वो बिना पैसे देकर होटल से चलते बन रहे थे। तभी संचालक यश ने उनसे रुपए मांगे मगर आरोपियों ने उधारी लिखने की बात कही।इसे लेकर यश ने पुरानी उधारी का हवाला देते हुए कहा कि पहले उसका हिसाब करो फिर दोबारा उधारी दे पाउंगा।इतने में संचालक की बात सुनते ही उस पर आरोपी बैगापारा निवासी अमर मंडल, सौरभ पाण्डेय, अभिषेक सोनी, पलास चंद्राकर ने मिलकर यश के साथ जमकर मारपीट करने लगे।

### दियाबाती की छात्रा उपासना का नवोदय में हुआ चयन



**गुरूर।** शासकीय प्राथमिक शाला दियाबाती की छात्रा उपासना साहू पिता उदय लाल साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। इस पर शाला के प्रधान पाठक भीषण लाल महामल्ला, सहायक शिक्षक उदय लाल साहू, संजय कुमार देशलहरे, अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य शाला प्रबंधन समिति दियाबाती तथा संकुल दर्रा के समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### हितापठार में हुआ एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ



**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम हितापठार में गुरुवार को एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ आठ गर्भवती माताओं का पुंसवन संस्कार कराया गया। गायत्री परिवार कमकापार के सक्रिय कार्यकर्ता एवं मितानीन प्रशिक्षक खेमिन झारिया ने पुंसवन संस्कार का महत्व बताते हुए कहा कि जिस तरह से उपचारित बीज बोकर उन्नत फसल प्राप्त करते हैं उसी प्रकार से पुंसवन संस्कार के माध्यम से गर्भस्थ शिशु के अन्दर दिव्य संस्कार, चैतन्य शक्ति प्रवेश कराया जाता है। इसके प्रभाव से बालक गुण, कर्म, स्वभाव से श्रेष्ठ बनता चला जाता है। इस कार्यक्रम में पंचराम, इंदिरा, संतोषी, चंदर बाई, भारती कोरेटी, महाबती, मनीषा भुनेश्वर, दिनेश्वरी,परमेश्वरी, रेशमा, राजकुमारी,जंत्री बाई तथा समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

## डोटोपार में श्रीमद् भागवत कथा जारी



**गुरूर।** ग्राम डोटोपार में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 31 मार्च से दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। कार्यक्रम का समापन 8 अप्रैल को होगा। कथावाचक आचार्य झम्मन प्रसाद शास्त्री महाराज प्रातः 10 बजे से 1 बजे व दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक कथा सुना रहे हैं। 31 मार्च को वेदी पूजन एवं गोकर्ण माहात्म्य की कथा संपन्न हुई। 1 अप्रैल को शुकदेव जन्म व वाराह अवतार, 2 अप्रैल को सती चरित्र, कपिल गीता, ध्रुव चरित्र, 3 को अजामिल कथा व प्रहलाद चरित्र तथा 4 अप्रैल को गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन तथा वामन अवतार की कथा हुई। 5 अप्रैल को श्री कृष्ण जन्म, बाल लीला कथा होगी। 6 अप्रैल को गोवर्धन पूजा, रूखमणी मंगल, 7 को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, चढ़ौत्री कथा तथा 8 अप्रैल को गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, पूर्णाहूति, भण्डारा प्रसादी होगा।







